भारत सरकार
मानव संसाधन विकास मंत्रालय
स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग
लोकसभा
तारांकित प्रश्न सं. 211
उत्तर देने की तारीख: 08.07.2019

केन्द्रीय विद्यालय

***211.** श्री के॰ नवासखनीः

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि मंडपम और रामनाथपुरम में केन्द्रीय विद्यालय (केवी) किराये पर लिये गए भवनों में चल रहे हैं;
(ख) यदि हां, तो क्या उन स्थानों में केन्द्रीय विद्यालयों के लिए नये भवनों का निर्माण किये जाने का प्रस्ताव है;
(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
मानव संसाधन विकास मंत्री
(श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक')

(क) से (घ): विवरण सभा-पटल पर रख दिया गया है।

*****

“केन्द्रीय विद्यालय’’ के संबंध में माननीय संसद सदस्य श्री के. नवासखनी द्वारा दिनांक 08.07.2019 को पूछे जाने वाले लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 211 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क): रामनाथपुरम जिले में केन्द्रीय विद्यालय मंडपम वर्ष 1996 से अपने स्थायी भवन में कार्यात्मक है। रामनाथपुरम जिले में केन्द्रीय विद्यालय रामेश्वरम राज्य सरकार द्वारा निःशुल्क प्रदान किए गए अस्थायी भवन में कार्यात्मक है। (ख): जी,हां। रामेश्वरम में केन्द्रीय विद्यालय हेतु नए भवन का निर्माण प्रस्तावित है।

(ग) और (घ): केन्द्रीय विद्यालयों हेतु स्थायी भवनों का निर्माण एक सतत प्रक्रिया है, जो उचित भूमि की पहचान भूमि के हस्तांतरण भी औपचारिक्ताओं के पूरा होने, निर्माण एजेंसी द्वारा नक्शा/आंकलन प्रस्तुत करने,निधि की उपलब्धता और अपेक्षित अनुमोदन आदि पर निर्भर करती है।

*****